मॉड्यूल 7: सामाजिक व्यवहार परिवर्तन–बाल संरक्षण

सत्र 3: किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत बच्चों और परिवारों को परामर्श देना

अवधि: 1:07 मिनट

परामर्श के उद्देष्य

आईए खोजें कि देखरेख और संरक्षण के ज़रूरतमंद बच्चों, कानून का उल्लंधन करने वाले बच्चों तथा उनके परिवारों को परामर्श देने के उद्देष्य क्या हैं?

परामर्श निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु दिया जाता है:

- बच्चों और उनके परिजनों के लिए ऐसा सुरक्षित वातावरण तैयार करना जहां वह खुलकर अपनी बातें और जानकारी साझा कर सकें।
- बच्चों और उनके परिजनों को समस्या की पहचान करने में मदद करना।
- बच्चों को अपनी भावनाएं और अनुभव के प्रति अधिक चेतनषील होने के लिए कौशल विकसित करने में मदद करना।
- बच्चों और उनके परिजनों को साथ मिलकर सभी विकल्पों के बारे में सोचने और उसके आधार पर जानकारी भरा तथा युक्तिपूर्ण विकल्प चुनने में मदद करना।
- बच्चों को अपनी भावनाएं बिना किसी भी डर या झिझक के व्यक्त करने का अवसर देना।
- परामर्श की प्रक्रिया के बाद, जब बच्चा अपनी समस्या का समाधान खोज चुका होता है, उसके पश्चात् बच्चा कैसा महसूस कर रहा है, इसकी पहचान करने में मदद करना।